राष्ट्रीय सुपरक्रॉस प्रतियोगिता 2022 एवं फ्री स्टाइल मोटोक्रॉस प्रतियोगिता

चर्चा में क्यों?

5 से 6 मार्च, 2022 तक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आउटडोर स्टेडियम में दो दिवसीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस प्रतियोगिता, 2022 एवं फ्री स्टाइल मोटोक्रॉस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्त्वावधान में किया गया।
- इस प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए और स्टेडियम में स्वयं बाइक चलाते हुए प्रवेश कर मंच तक पहुँचे और सभी बाइकर्स तथा खेल-प्रेमी दर्शकों का उत्साहवर्द्धन किया।
- इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बाइक राइडर्स ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 8 वर्गों में रेस आयोजित की गई। इन रेसिंग प्रतियोगिता के मध्य फ्री स्टाइल मोटोक्रॉस का प्रदर्शन विदेशी बाइकर के द्वारा किया गया।
- इस प्रतियोगिता की विभिन्न रेस में छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों के लिये भी विशेष श्रेणी रखी गई है, जिसमें केवल छत्तीसगढ़ के बाइकर को अवसर मिला।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सुपरक्रॉस प्रतियोगिता, 2022 एवं फ्री स्टाइल मोटोक्रॉस का आयोजन रायपुर में किया गया, जो देश में पहली बार किसी आउटडोर स्टेडियम में फ्लड लाइट में आयोजित किया गया है।
- प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य युवाओं को रोड-रेज एवं आम रास्तों पर स्टंट इत्यादि से रोकना एवं एक विशेष स्थल पर उनको मौका प्रदाय कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर देना है।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक लोकप्रिय, रोमांच, गति एवं साहस से भरपूर इस विशेष खेल को छत्तीसगढ़ में भी स्थापित करना छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन का उद्देश्य रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-supercross-competition-2022-and-freestyle-motocross-competition